भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2726
बुधवार, दिनांक 11 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>पीएम-कुसुम के समक्ष चुनौतियाँ</u>

2726. डॉ. अमर सिंहः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि प्रधान मंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना के समक्ष पेश आ रही प्रमुख चुनौतियों में से एक किसानों के लिए सस्ती बिजली की उपलब्धता है जिससे विद्युत जल पंपों के स्थान पर सौर जल पम्पों के उपयोग के लिए प्रोत्साहन कम हो जाता है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) जी, हाँ।

(ख) किसानों के लिए सुगम बनाने हेतु मंत्रालय पीएम-कुसुम योजना के घटक-ख के अंतर्गत ऑफ-ग्रिड क्षेत्रों में सौर पंपों की स्थापना और घटक-ग (व्यक्तिगत पंप सौरीकरण) के अंतर्गत ग्रिड कनेक्टेड पंपों के सौरीकरण हेतु सहायता प्रदान कर रहा है।

*****